Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ दौसा में पटवारी 7 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

जयपुर, *25 जून, मंगलवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की दौसा इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **भौंरीलाल जांगिड़ पटवारी पटवार हल्का बगड़ी, तहसील लालसोट, जिला दौसा** को परिवादी से **7 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. दौसा इकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि तकासमा कार्यवाही करने की एवज में आरोपी भौंरीलाल जांगिड़ पटवारी पटवार हल्का बगड़ी, तहसील लालसोट, जिला दौसा द्वारा **7 हजार 500 रुपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. दौसा इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री नवल किशोर मीणा** के नेतृत्व में आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी भौंरीलाल जांगिड़ पटवारी पटवार हल्का बगड़ी, तहसील लालसोट, जिला दौसा को परिवादी से **7 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**